# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 25.10.2025**

**थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या की घटना में वांछित चल रहे 01 अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 376/25 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कृष्णा उर्फ शिवम पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम जसापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को आज दिनांक 25.10.2025 को लौवा मोङ थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा वादी श्री राजू पुत्र सत्तीदीन निवासी ग्राम जसापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना मंगलपुर पर दिनांक 24.10.2025 को दी गयी तहरीर कि दिनांक 24/10/2025 की रात्रि में वादी की पत्नी को वादी के भाई के लडके (भतीजा) कृष्णा उर्फ शिवम पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम जसापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ने मारपीट कर नाक में घुंसा मार दिया, जिससे वादी की पत्नी की मौत हो गयी, के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 376/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

कृष्णा उर्फ शिवम पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम जसापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 25 वर्ष।

**गिरफ्तारी करने वाली –**

थाना मंगलपुर पुलिस